झारखण्ड सरकार

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड

सं0सं0–09 / MDA / ELF / 01–2021–108(HSM) दिनांक 24/12/2025

प्रेषक,

अजय कुमार सिंह,

सरकार के अपर मुख्य सचिव,

सेवा में,

उपायुक्त,

बोकारो, रामगढ़, गुमला, साहेबगंज, पूर्वी सिंहभूम, लोहरदगा, धनबाद, पाकुड़, राँची, देवघर, सिमडेगा, गिरिडिह, कोडरमा एवं गढ़वा।

विषय– **Mass Drug Administration (MDA)** 2026 के सफल क्रियान्वयन के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक कहना है कि आपके जिले में वर्ष 2026 में फाइलेरिया उन्मूलन के तहत मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम प्रथम चरण दिनांक 10 फरवरी 2026 से 25 फरवरी 2026 तक मनाये जाने का निर्णय लिया गया है जिसमें तीन जिले यथा– पाकुड़, कोडरमा एवं सिमडेगा में तीन दवाईयों (DEC, Albendazole & Ivermectin) तथा अन्य ग्यारह जिलों में दो दवाई (DEC & Albendazole) का सेवन किया जाना है।

इस कार्यक्रम के अन्तर्गत सभी जन समुदाय द्वारा फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन करना अनिवार्य है, जिसमें एक वर्ष से कम उम्र के बच्चे, गर्भवती महिलाएँ एवं गम्भीर रूप से बीमार व्यक्ति को सम्मिलित नहीं किया जायेगा।

इस कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु विस्तृत मार्गदर्शिका इस पत्र के साथ संलग्न कर उपलब्ध करायी जा रही है।

अनुरोध है कि अपने कुशल नेतृत्व में प्रगति प्रतिवेदन के आलोक में कार्यक्रम की सफल क्रियान्वयन हेतु अभियान की समीक्षा करें।

आपके प्रयास एवं सहयोग से ही चिन्हित प्रभावित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में शत प्रतिशत उपलब्धि हासिल कर फाइलेरिया उन्मूलन का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

अनुलग्नक – यथोक्त

विश्वासभाजन

(अजय कुमार सिंह)

सरकार के अपर मुख्य सचिव

Scanned with OKEN Scanner

फाइलेरिया उन्मूलन के तहत MDA कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों की भूमिका

1 महिला बाल विकास एवं समाज कल्याण विभाग

- सभी आंगनबाड़ी केन्द्र को बूथ के रूप में चिह्नित करना।
- आंगनबाड़ी सेविकाओं द्वारा दवा का सेवन में सहयोग प्रदान करना।
- आंगनबाड़ी सेविकाओं द्वारा जन–समुदाय को दवा के सेवन के महत्व से अवगत कराना।
- लिम्फोडिमा एवं हाइड्रोसिल के मरीज की जानकारी नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में उपलब्ध कराना।
- MDA के दौरान विभाग के सभी कर्मचारियों को फाइलेरिया रोधी दवा के सेवन करने हेतु प्रेरित करना।
- ग्राम सभा के माध्यम से जन समुदाय को **MDA** कार्यक्रम के महत्व से अवगत कराना एवं दवा सेवन हेतु प्रेरित करना।

2 पेयजल एंव स्वच्छता विभाग

- MDA के दौरान विभाग के सभी कर्मचारियों द्वारा दवा का सेवन करना एवं फाइलेरिया रोधी दवा के सेवन करने हेतु अन्य को प्रेरित करना।
- जल सहिया एवं स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत स्वयं सेवकों के द्वारा जन समुदाय को MDA कार्यक्रम के महत्व से अवगत कराना एवं दवा सेवन हेतु प्रेरित करना।
- स्वच्छता गाड़ी के माध्यम से फाइलेरिया रोधी दवा के सेवन से संबंधित प्रचार–प्रसार करना।

3 स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग

- प्रातः वंदना के दौरान अध्यापक द्वारा बच्चों को डव। कार्यक्रम के महत्व से अवगत कराना एवं दवा सेवन हेतु प्रेरित करना एवं बच्चों को शपथ दिलाना।
- Cluster resource person (CRP) एवं Block resource person (BRP) के माध्यम से शिक्षकों को MDA कार्यक्रम हेतु अवगत कराना एवं दवा सेवन हेतु प्रेरित करना।
- सभी सरकारी एवं गैर सरकारी शिक्षा संस्थानों में Online कक्षा के दौरान फाइलेरिया संबंधी जानकारी देना तथा दवा सेवन हेतु प्रेरित करना।
- पारा शिक्षकों द्वारा दवा के सेवन में सहयोग प्रदान करना।

Scanned with OKEN Scanner

4 पंचायती राज विभाग

- MDA के दौरान विभाग के सभी कर्मचारियों को फाइलेरिया रोधी दवा के सेवन करने हेतु प्रेरित करना।
- पंचायती राज समिति के सदस्यों द्वारा दवा के सेवन में सहयोग प्रदान करना।
- ग्राम सभा के माध्यम से जन समुदाय को MDA कार्यक्रम के महत्व से अवगत कराना।
- लिम्फोडीमा एवं हाइड्रोसिल के मरीज की जानकारी नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध कराना।

5 ग्रामीण विकास विभाग

- MDA के दौरान विभाग के सभी कर्मचारियों को फाइलेरिया रोधी दवा सेवन करने हेतु प्रेरित करना।
- मनरेगा के अंतर्गत कार्य कर रहे कर्मी को दवा सेवन हेतु प्रेरित करना।
- JSLPS एवं सखी मंडल के माध्यम से ग्रामीणों को MDA कार्यक्रम के महत्व से अवगत कराना एवं दवा सेवन हेतु प्रेरित करना।

6 सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग

- MDA के दौरान विभाग के सभी कर्मचारियों को फाइलेरिया रोधी दवा के सेवन करने हेतु प्रेरित करना।
- MDA से पूर्व जन समुदाय में व्यापक प्रचार–प्रसार (समाचार पत्र, इलेक्ट्रोनिक संचार माध्यम, एलईडी वैन, एलईडी डिस्प्ले आदि के माध्यम से) करवाना।
- हाट बाजार में MDA संबंधित जानकारी से जन समुदाय को अवगत कराना।
- अभियान के दौरान जिला PRD के माध्यम से प्रेस विज्ञप्ति प्रकाशित कराना।

7 कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग

- MDA के दौरान विभाग के सभी कर्मचारियों को फाइलेरिया रोधी दवा के सेवन करने हेतु प्रेरित करना।
- विभागीय कर्मचारियों को चिह्नित कर उनके द्वारा जन समुदाय को MDA कार्यक्रम के महत्व से अवगत कराना एवं दवा सेवन हेतु प्रेरित करना।

Scanned with OKEN Scanner